तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 नवंबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



12 गन्ने के मंडप में हुआ शालिग्राम से तुलसी विवाह





12 हायर सेकंडरी को मिला काव्य कलश शिक्षा दूत सम्मान




## खबर संक्षेप

### दरचुरा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बलौदाबाजार।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम दरचुरा में गुरुवार 14 नवम्बर को कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा, जिसमें लोगों की समस्याओं, शिकायत व मांग से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री सोनी ने सभी जिला अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाने अपील की है।

### ढनढनी में सुवा नृत्य प्रतियोगिता कल

**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत ढनढनी में 15 नवंबर शुक्रवार को सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सरपंच कामनी पाकदास मानिकपुरी के मुख्य आतिथ्य एवं ईश्वरी ध्रुव, डेरहाराम साहू, गोरेलाल मानिकपुरी के विशेष आतिथ्य में रखा गया है। प्रतियोगिता में विजेता को 15 हजार व शिल्ड, उपविजेता को 10 हजार व शिल्ड तृतीय को 7 हजार व शिल्ड चतुर्थ को 5 हजार व शिल्ड तथा पांचवें स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3 हजार रूपये से पुरस्कृत किया जावेगा।

### ओपन स्कूल की 10वीं-12वीं की परीक्षा आज से प्रारंभ

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा अब 14 नवंबर से शुरू होगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव 13 नवंबर को होने की वजह से तारीख में बदलाव किया गया है। पहले, बारहवीं की परीक्षा 11 नवंबर से और दसवीं की 13 नवंबर से होने वाली थी, लेकिन अब दोनों परीक्षाएं 14 नवंबर से होगी। ओपन स्कूल की ओर से परीक्षा के लिए संशोधित समय–सारणी जारी की गई है। दोनों परीक्षाएं 29 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। पहली परीक्षा मार्च–अप्रैल में हुई थी। द्वितीय परीक्षा अगस्त में और अब तीसरी परीक्षा नवंबर में आयोजित की जा रही है।

### शिवडोंगरी में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव कल

**बिलाईगढ़।** जय सिद्ध बाबा शक्ति पीठ शिव डोंगरी, धनसीर में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव आंवला दूध भात का आयोजन 15 नवंबर को रखा गया है। आयोजन में हजारों की तादाद में श्रद्धालुगण पहुंचेंगे। ब्रह्मचारी रामेश्वर चैतन्य महाराज के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव आंवला दूध भात का आयोजन गुरुदेव भुवनेश्वरानंद सरस्वती महाराज ईसावास्य आश्रम गंगोत्री हिमालय उत्तराखंड के शुभ आशीष में पूजा पाठ रामायण भजन एवं प्रसाद का आयोजन किया गया है। इसमें आसपास क्षेत्र के हजारों के तादाद में श्रद्धालुगण पहुंच कर दर्शन लाभ लेते हुए प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बनने का अनुरोध किया है।

# मेले के बाद बंद शबरी पुल मरम्मत कार्य अब तक प्रारंभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

शबरी पुल मरम्मत का कार्य साल भर बीतने के बाद बलौदाबाजार–शिवरीनारायण को जोड़ने वाला शबरी पुल माघी मेले के बाद से पुल के रोड का काम अधूरा पड़ा है। शबरी पुल के एक ओर की मरम्मत का काम पूरा हुआ है, जबकि दूसरी ओर की मरम्मत का काम अधूरा है। इससे लोगों को शबरी पुल से आवागमन करने में परेशानी हो रही है। शबरी पुल का मरम्मत करने के लिए शासन से 78 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी, जिसमें शबरी पुल के ऊपरी परत को उखाड़कर नई परत बिछानी है, जिसमें पुल मरम्मत का काम ठेकेदार द्वारा 20 दिसम्बर 2023 को शुरू किया गया था, जो मेले के चलते अधिकारियों द्वारा एक तरफ के रोड के काम को पूर्ण करा कर बंद कराया गया था। इसे दोबारा फिर से चालू ही नहीं कराया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों के मॉनिटरिंग नहीं करने से काम दोबारा चालू ही नहीं हुआ है।

### मरम्मत कराने 78 लाख की मिली है स्वीकृति



### मरम्मत शुरू कराने डायवर्ट करना होगा रूट

शबरी पुल के दूसरी तरफ मरम्मत शुरू कराने से पहले पुल पर आवागमन करने वाले भारी वाहनों को बिर्रा और पामगढ़ की ओर से रूट डायवर्ट करना होगा। भारी वाहनों को रूट डायवर्ट करने से काम भी तेजी से हो सकेगा और लोगों को जाम की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी। बलौदाबाजार जिले से भी रोजाना बड़ी संख्या में लोग नगर खरीदी व अन्य कार्यों से आते हैं।

## तैयारी : गड़बड़ी रोकने इस बार केंद्रों में लगे सीसी कैमरे, रायपुर से होगी मॉनिटरिंग

# आज से धान उत्सवः जिले के 166 केंद्रों में 1.67 लाख किसानों से होगी बोहनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024– 25 में 14 नवंबर से जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी जोरों से की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीमांत, छोटे किसानों के धान खरीदी को प्राथमिकता दें। धान खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखें। जिले के 1 लाख 67 हजार 787 पंजीकृत किसान आज से अपना धान बेचेंगे। इस वर्ष पहली बार 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से लगभग 9 लाख 62 हजार 910 मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित की गई है। इसके लिए लगभग 48 हजार 146 गठान बारदानें की व्यवस्था की गई है। इसमें 50 प्रतिशत नये एवं 50 प्रतिशत पुरान गठान बारदाना शामिल हैं। इस खरीफ वर्ष जिले में उपार्जन केन्द्र की संख्या 166 हैं। कलेक्टर सोनी ने नए–पुराने बारदाने की उपलब्धता, मिलर्स का पंजीकरण, गिरदावरी का सत्यापन, संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था सहित धान उर्पाजन केन्द्र में साफ–सफाई, कांटा–बाट का सत्यापन, आर्द्रतामापी यंत्र, बेमौसम बारिश से बचाव के लिए कैप कव्हर और पानी के निकासी की व्यवस्था, मानव संसाधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने धान उपार्जन तैयारियों की समीक्षा की



### सीसी कैमरों से होगी खरीदी केंद्रों की निगरानी

राज्य सरकार ने इस वर्ष धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने बड़े पैमाने पर तैयारी की है। इसके लिए जिले के सभी खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा लगवाए गए है। जहां नहीं लगे है वहां लगाए जा रहे है। इन सभी केंद्रों की निगरानी राजधानी स्तर से की जाएगी। पिछले साल घोषित किए गए अतिसंवेदनशील केंद्रों को हटाया गया है। वही सभी केंद्रो में इलेक्ट्रानिक तौल की भी व्यवस्था की गई है।

### केंद्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

*उन्होंने किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस हेतु सभी उपार्जन केन्द्रों में संबंधित नोडल अधिकारियों का नाम एवं नंबर, धान का क्रय दर और आवश्यक जानकारी संबंधी बैनर चस्पा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला, सहकारिता से देवेंद्र नेताम, उप संचालक कृषि दिलीप नायक, बैंक नोडल अधिकारी श्री साहू, जिला विपणन अधिकारी सहित कृषि विभाग, नान, मार्कफेड और सहकारी बैंक के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2024–25 हेतु धान समर्थन मूल्य धान ग्रेड ए पतला 2320 रूपये प्रति क्विंटल, धान कामन एवं धान सरना 2300 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।*

### जिले के 44 संवेदनशील धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी हटाए गए

**बलौदाबाजार।** उप आयुक्त सहकारी एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 अंतर्गत जिले के 44 धान उपार्जन केन्द्रों को विगत वर्षों में हुए धान की अप्रत्याशित कमी, सुखत, अव्यवस्था, उपार्जित धान के निराकरण में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर लापरवाही एवं उदासिनता के आधार पर संवेदनशील धान उपार्जन केन्द्रों के रूप चिन्हाकिंत किया गया है। धान खरीदी नीति अनुसार धान उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी कार्यों का समुचित क्रियान्वयन कराये जाने के दृष्टिकोण से गत वर्ष 2023–24 में संलग्न उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को धान खरीदी कार्य से पृथक किया गया है तथा समिति के अन्य सेवायुक्तों को धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अविलंब धान खरीदी केन्द्र प्रभारी एवं धान खरीदी में संलग्न कर्मचारियों की नियुक्ति करना सुनिश्चित किया गया है। 44 संवेदनशील धान उपार्जन केन्द्र हटाए गए प्रभारियों में बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत कोहरौद से राम रजक, सरखोर गोपी, डमरू कृष्णा साहू, मरदा मनहरण साहू, अहिल्दा मेष कुमार साहू, धाराशिव गोपाल साहू, डोगरीडीह रामकुमार साहू, करदा शिवदत्त साहू, सिरियाडीह गोविन्द पटेल, कोयदा करण लाल दिनकर, खैरा सुरेश शर्मा, भालुकोना सुरेश साहू, सुढेला रोमन पैकरा, बिटकुली विरेन्द्र साहू, लवन चन्द्रमौली गंधर्व, मुण्डा शेखर चंद साहू, कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत कुसुमसरा फणेद्र कुमार साहू, सेल महेश कुमार साहू, छान्छी संदीप कुमार वर्मा, कुम्हारी रामेश्वर प्रसाद वर्मा, हसुवा शिवप्रसाद साहू, टुन्ड्रा रामाप्रसाद साहू, नरधा सुखदेव साहू, देवरीनगेडी मिथलेश नायक, चान्दन भोलानाथ नायक,गोलाझर परमानन्द साहू, सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत सकलोर चन्द्रशेखर साहू, शिकारीकेसली शंकर लाल वर्मा, खपराडीह पीताम्बर वर्मा,भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत खैरा(निपनिया) प्रताप यद्ु, मल्दी विजय वर्मा, खैरी मूलचंद वर्मा, पलारी विकासखण्ड अंतर्गत कोनारी राजेंद्र चेलक, सलौनी बलराम पटेल, कोसमंदा दुर्गा प्रसाद कन्नौजे, रेंगाडीह ललित साहू, खरतोरा अशोक भारद्वाज, बोहारडीह मनहरण साहू, वटगन परमानन्द बंजारे, सिसदेवरी कृष्ण कुमार फेकर, लच्छनपुर, बिरेन्द्र साहू, बलौदी सुभाष मिश्रा, जारा पंचराम ध्रुव, छेरकापुर रूपराम सेन शामिल हैं।

## 22 लीटर शराब जब्त ग्रामीण गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में वृत क्षेत्र कसडोल अंतर्गत ग्राम कौहाकुड़ा थाना कसडोल चौकी सोनाखान में खोलबहरा चौहान पिता घासीराम के कब्जे से 22 बल्क लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवा आम जनता को उपलब्ध करवाने बाबत लगातार प्रयास किया जा रहे है। बेहतर सेवाओं के लिए विकास खण्ड बलौदाबाजार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ठेलकी ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हासिल किया है। इसे 100 में से 86.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की ठेलकी का एनक्यूएएस जिले का पहला वर्चुअल मूल्यांकन था। इसमें समस्त दस्तावेजों का निरीक्षण ऑनलाइन करने के साथ मूल्यांकन कर्ता डॉ. प्रवीर गुप्ता तथा एनएसआर हरिकृष्ण द्वारा वीडियो के माध्यम से पूरी संस्था को देखते हुए स्टाफ, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मरीजों का भी इंटरव्यू लिया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी तथा इस सेक्टर रिसदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अविनाश केसरवानी के अनुसार इस एनक्यूएएस में आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा दी जा रही बारह सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण टीम द्वारा किया गया। इसमें प्रसव पूर्व देखभाल, नवजात शिशु देखभाल, परिवार नियोजन, संचारी तथा गैर संचारी रोग प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवा, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सम्मिलित हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया की आयुष्मान आरोग्य मंदिर ठेलकी 8 गांवों की 7 हजार 551 जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कराता है। इसमें ठेलकी सहित चांपा, खम्हरिया, भरूवाडीह, चिचोली, पौसरी, ढाबाडीह, खेलवारडीह सम्मिलित हैं। जबकि कुल पंचायत चार हैं। गौरतलब है जिले में जिला अस्पताल, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित अब तक 19 स्वास्थ्य केंद्र एनक्यूएएस प्रमाणित हो चुके हैं।




# ब्लाक की स्कूलों में निरीक्षण करने पहुंचे शिक्षा अधिकारी



**बलौदाबाजार।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला लाहोद, पूर्व माध्यमिक शाला लाहोद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिल्दा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पैजनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान शिक्षक डायरी, शिक्षक उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन तथा विद्यालय प्रांगण के साफ–सफाई का निरीक्षण कर संबंधित शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। संस्था प्रमुखों को राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण की तैयारी एवं अपार आईडी तथा जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र निर्धारित समयसीमा के भीतर बनवाने के संबंध में निर्देशित किया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैजनी में निःशुल्क सरस्वती सायकिल असेम्बल केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया तथा सायकिल तैयार कर रहे कर्मचारियों को भी निर्धारित गुणवत्ता के साथ सायकिल तैयार करने निर्देश दिया गया।

## श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए जगह-जगह बनाये स्वागत द्वार, संगतों को शाल भेंट

# गुरुनानक जयंती पर नगर में निकली कीर्तन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर में सिक्ख पंथ के संस्थापक गुरु श्री गुरुनानक देव जी के 555 वें गुरपुरब (जन्मोत्सव) पर नगरकीर्तन का आयोजन किया गया। स्थानीय गुरुद्वारा साहिब से पंज प्यारों की अगुवाई में पीछे सजे हुए वाहन में श्री गुरुग्रंथ साहिब प्रकाशमान प्रारम्भ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला गया। श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत द्वार बनाकर अभिनंदन किया गया। जगह -जगह संगतों के स्वागत किया गया। समाज के अध्यक्ष स. त्रिलोक सिंघ सलूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अरुण छाबड़ा बंटी द्वारा संगतों को शाल भेंट आभार व्यक्त किया गया।

बस स्टैंड चौराहे पर पंजाब से आये हुए गतका दल का शौर्य प्रर्दशन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। फव्वारा चौक पर संगत के लिये जलपान की व्यवस्था की गई, यहीं पर विधायक इन्द्र कुमार साहू, सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा एवं राकेश तिवारी, आशीष जायसवाल द्वारा पंज प्यारों स्वागत किया गया। सम्मान स्वरूप समिति द्वारा उपस्थिति का शाल भेंट कर आभार व्यक्त किया।

नगरकीर्तन वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर सम्पन्न हुआ, जहां सभी साधसंगत के लिये लंगर की व्यवस्था की गई थी। आसपास के क्षेत्र मारो, नवागढ़, सरगांव, बलौदाबाजार, बैतलपुर के अलावा सिमगा से अनेक सामाजिक सदस्यों के साथ नगरकीर्तन में भाग लिए। उन सभी संगतों का शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण नगर कीर्तन व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अरुण छाबड़ा बन्टी, अमरजीत सलूजा ग्रीन्स, हरप्रीत सलूजा राजू, हरमिन्दर सलूजा स. मनजीत सिंह सप्पल, स. बलवंत छाबड़ा, इंद्रजीत राणा, देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, स.परमजीत छाबड़ा, स.मंजीत छाबड़ा, स.हरभगवान गुंबर स. भाग सिंघ सलूजा, स.भगतसिंह छाबड़ा, गुलशन सचदेव, हरभगवान छाबड़ा, अमन छाबड़ा, रघबीर मक्कड़, जनसहयोग स्वफूर्त प्राप्त हुआ।




## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# पार्ट-फुल टाइम रोजगार देने की योजना ठंडे बस्ते में, नहीं मिल रहा महिलाओं को रोजगार

## जिला पंचायत रायपुर द्वारा आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित की जा रही थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्व-सहायता समूह की ट्रेनिंग प्राप्त महिलाओं या उनके परिवार के अन्य सदस्यों को पार्ट-फुल एवं घंटे के हिसाब से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत रायपुर द्वारा संचालित की जा रही योजना पिछले कई महीनों से बंद है। इस योजना के तहत पंचायत भवन के सेकेंड फ्लोर पर हेल्प कंट्रोलरूम बनाया गया था। इस कंट्रोलरूम को भी हटा दिया गया है। इस हेल्प लाइन पर सामुदायिक संगठन, संस्था यहां किसी के घर या दुकान में कुकिंग, लांड्री, सेलून, हाउसकीपिंग, सुरक्षा गार्ड, केयर टेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रिपेयरिंग सहित कोई भी जरूरत के अनुसार डिमांड आने पर उन्हें बाजार में निर्धारित सैलेरी या तय रेट पर संबंधित कार्य के लिए महिला कर्मचारी उपलब्ध कराया जाता था। इस योजना के तहत कई महिलाओं को रोजगार भी मिला है, लेकिन योजना के ठंडे बस्ते में जाने के बाद से समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार मिलना भी बंद हो गया है।

पूर्व कांग्रेस शासन काल के दौरान जिले में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार दिलाने के साथ जरूरतमंदों को संबंधित कार्य में ट्रेनिंग प्राप्त महिला कर्मचारी आसानी से मिले। इसके लिए जिला पंचायत ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत अनूठी योजना लेकर आई थी। इस योजना के शुरू करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ऐसे जरूरतमंद संस्था-संगठन, परिवार या व्यक्ति को आसानी से अनुभवी एवं भरोसेमंद कर्मचारी भी कर्मचारी भी उपलब्ध कराना था, लेकिन राज्य में सरकार बदलने के बाद से यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।

### एक कॉल या मैसेज से मिल जाता था रोजगार-कर्मचारी

इस योजना के तहत पंचायत भवन में कॉल सेंटर बनाया गया था। इसके लिए एक हेल्प लाइन तथा वाट्सग्रुप नंबर जारी किया गया था। इस हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करने या वाट्सअप ग्रुप में मैसेज करने से बेरोजगार महिला को रोजगार और जरूरतमंदों को कर्मचारी मिल जाता था।

National Rural Livelihood Mission
राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

### 500 को ट्रेनिंग देने का था लक्ष्य, यह काम भी अटका

बी-1 अंतर्गत जिले के चारों ब्लॉक में लगभग 500 महिलाओं को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत 40 महिलाओं को ट्रेनिंग देने के बाद विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा के कारण आचार संहिता लग गई थी, जिसके कारण यह लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया जा सका है।

### बी-1 को मिलता था 1 प्रतिशत कमीशन

डिमांड के अनुसार जरूररतमंद को कर्मचारी उपलब्ध कराने के एवज में बी-1 को भी बतौर सेवा के रूप में तय सैलरी या तय रेट का 1 प्रतिशत कमीशन के रूप में लाभ होता था। यह कमीशन डिमांड करने वाली संस्था, संगठन या संबंधित व्यक्ति द्वारा दिया जाता था।

### कंट्रोलरूम को हटा दिया गया

बी-1 अंतर्गत पंचायत भवन में खोला गया हेल्प लाइन कंट्रोलरूम को यहां से हटा दिया गया है। योजना बंद नहीं हुई पर अभी काम रुका हुआ है।
- **विक्रम सिंह लोधी**, कार्यक्रम मैनेजर जिला पंचायत रायपुर

### 40 महिलाओं को दी गई थी ट्रेनिंग इनमें से ही कई महिलाएं बेरोजगार

महिला समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत द्वारा उन्हें उनके हूनर के अनुसार कार्य में कुशल बनाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही थी। इसके तहत पहले चरण में 40 महिलाओं को सिलाई, केटरिंग सहित विभिन्न कार्यों की ट्रेनिंग भी दी गई थी। ट्रेनिंग लेने वाली महिलाओं में कईयों को रोजगार भी मिल चुका है, लेकिन इनमें से अभी भी कई महिलाएं बेरोजगार है।

## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया दिवाली मिलन



**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा कैलाशपुरी स्थित प्रांतीय कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा का बुके, शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रदूषण रोकने के लिए आगामी दिवाली को पटाखा मुक्त करने का आव्हान किया गया। इसके बाद सदस्यों ने गीत, गजल व भजन से माहौल को खूबसूरत बनाया। कार्यक्रम में नरेंद्र दुबे, आशीष दीवान, गिरीश दुबे, धनंजय शर्मा, हेमंत शर्मा, मनीष मिश्रा, ऋषि तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### सरकार की नीतियों को चुनौती हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अतिथि व्याख्याता की अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार की उस नीति को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत अस्थायी अतिथि व्याख्याताओं की जगह उच्च योग्यता वाले नए उम्मीदवार रखे जा सकते हैं। सीजे की बेंच ने शैक्षणिक संस्थानों में योग्य और सक्षम संकाय के पक्ष में नीतियों को लागू करने के राज्य के अधिकार को बरकरार रखा है। याचिका में प्रदेश के कॉलेजों में अतिथि व्याख्याताओं के लिए जारी विज्ञापन को निरस्त करने समेत अन्य मांग की गई थी। इस पर शासन की ओर से कहा गया कि अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती के लिए नई नीति जारी की गई है। यूजीसी के मापदंडों के अनुसार बनाई गई नई नीति से बेहतर उम्मीदवार मिल सकेंगे। गर्ल्स कॉलेज में अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र के पद पर कार्यरत रही गायत्री शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने के बाद डीबी में अपील की गई थी।

### 32 पौवा देशी शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** नेवरा पुलिस ने एक शराब कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तुलसी खरोरा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी देवानंद जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पाव देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 3520 रुपए बताई गई है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## ठंड कम पड़ने की वजह से हवा में थोड़ी राहत

# पीएम 2.5 का स्तर 500 तक, औसत से कई गुना ज्यादा जहरीली हुई राजधानी की हवा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की हवा अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा जहरीली हो गई है। पिछले दो वर्षों की आंकड़ों पर नजर डालें, तो इस वर्ष पीएम 2.5 का स्तर पिछले साल की अपेक्षा डेढ़ गुना ज्यादा है। पिछले वर्ष नवंबर में पीएम 2.5 का स्तर जहां अधिकतम 309 तक पहुंचा है, इस बार पीएम 2.5 का स्तर पांच सौ तक पहुंच गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अभी ठंडी कम पड़ रही है। ठंड ज्यादा होने से हवा का स्तर और खराब हो सकता है।

गौरतलब है कि पीएम 2.5 का स्तर 60 से ज्यादा नहीं होना चाहिए, पीएम 2.5 का वार्षिक औसत 40 होना चाहिए। डब्लूएचओ के मुताबिक 2.5 का स्तर पांच से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस साल छह नवंबर को ही पीएम 2.5 का न्यूयनतम स्तर 61 रहा है। शेष अन्य दिनों में पीएम 2.5 का न्यूनतम स्तर 68 से 172 तथा अधिकतम 104 से 105 के बीच रहा है। इसी तरह से पीएम 10 का स्तर पूरे नवंबर माह में बिगड़ा हुआ रहा है।

### पिछले वर्ष की तुलना में इस बार नवंबर में हवा ज्यादा जहरीली हुई





फाइल फोटो

### दिसंबर में हवा और जहरीली होने की आशंका

वर्तमान स्थिति को देखते हुए जानकार आगामी दिनों में ठंड बढ़ने के बाद एक्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। इसकी वजह ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम हो जाता है। इसके कारण प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ता है।

### पीएम 2.5 का स्तर पहली बार पांच सौ पहुंचा

रायपुर में पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर दो से तीन सौ के बीच रहा है। इस बार मौसम अनूकुल रहने के बाद भी पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर एक नवंबर तथा दो नवंबर को पांच सौ से 448 तथा 412 पर पहुंचा है। पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर बढ़ने की वजह पर्यावरण प्रदूषण मंडल के अफसर भी नहीं बता पा रहे हैं।

### एक्यूआई का स्तर डेढ़ गुना ज्यादा

एयर क्वालिटी इंडेक्स की स्थित पिछले वर्ष से ज्यादा भयावह है। एक्यूआई का लेवल पिछले वर्ष जहां एक से 10 नवंबर के बीच 53 से 141 के बीच रहा इस बार एक्यूआई का स्तर 86 से 172 के बीच रहा। इस वर्ष ठंड कम पड़ने का साथ पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा हवा चल रही है। इस स्थिति में यह हाल है। ठंड पड़ने और हवा का दबाव कम होने की स्थिति में एक्यूआई का स्तर और खराब हो सकता था।

### स्तर सुधारने उपाय नहीं

पर्यावरण प्रदूषण मंडल का काम प्रदूषण का स्तर नापने के साथ हवा की स्थिति खराब होने पर सुधार करने के उपाय करने का है, लेकिन राज्य में पर्यावरण प्रदूषण मंडल सफेद हाथी साबित हो रहा है। पर्यावरण प्रेमी तथा जानकारों के मुताबिक पर्यावरण प्रदूषण मंडल ने एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर सुधारने किसी तरह से कोई उपाय नहीं कर रहा है, जिसके कारण रायपुर में एक्यूआई का स्तर हर साल बिगड़ता जा रहा है।

# जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ देशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहले स्थान पर है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ राज्य में जल संचय, जनभागीदारी पहल के तहत जल संचय के एक लाख 53 हजार 533 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 10 हजार 872 कार्य प्रगतिरत हैं। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में देश के पहले 10 जिलों में छत्तीसगढ़ के 8 जिलों ने अपना स्थान बनाया है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जल संसाधन विभाग को दी बधाई

छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी से जल संचय के कार्यों में राज्य में पहले स्थान पर रायपुर जिला है, जहां 35 हजार 758 जल संचय के कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 5064 कार्य प्रगतिरत हैं। दूसरे स्थान पर बिलासपुर है, जहां 16389 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 1643 कार्य प्रगति पर हैं। तीसरे स्थान पर रायगढ़ जिला है, जहां 16629 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 662 कार्य प्रगति पर हैं। चौथे स्थान पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है, जहां 16,730 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 300 कार्य प्रगति पर हैं। पांचवे स्थान बलरामपुर-रामानुजगंज जिला है, जहां 8618 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 586 कार्य प्रगति पर हैं। छठवें स्थान पर गरियाबंद जिला है, जहां 6899 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 634 कार्य प्रगति पर हैं। सातवें स्थान पर दुर्ग जिला है, जहां 4915 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 609 कार्य प्रगति पर हैं। दसवें स्थान पर धमतरी जिला है, जहां 3706 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 107 कार्य प्रगति पर हैं।

### पीएम मोदी के संकल्प का प्रतिबिंब है यह योजना

गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के अटूट संकल्प का प्रतिबिंब है। यह पहल जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर जोर देती है और सामूहिक पहल एवं एकजुटता से जलसंरक्षण की संकल्पना को साकार करती है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य अन्य गतिविधियों के अलावा कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं, बोरवेल पुनर्भरण शाफ्ट के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया**

# हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास में जुटा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धमतरी

पोटाश बम से हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास को सफलता नहीं मिल पाई है। वन विभाग ड्रोन कैमरे से हाथी की निगरानी में जुटा है। बताया जा रहा है कि घायल हाथी का स्वास्थ्य ठीक है। वह हाथी दल के साथ विचरण कर रहा है।उल्लेखनीय है कि 7 नवंबर को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी परिक्षेत्र के सातलोर बीट में 38 से 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा था। यहां खून बिखरे होने की सूचना रिसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी को मिली। पतासाजी करने पर वन विभाग को पोटाश बम का टुकड़ा मिला। 8 नवंबर को पोचिंग टीम ने मौका मुआयना किया। 6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया गया। 10 नवंबर को ड्रोन और स्टाफ की मदद से 5-6 साल के हाथी के जबड़े और पैर में सूजन का पता लगा। इस मामले में पोटाश बम रखने वाले व्यक्ति की सूचना देने वाले को 10 हजार के इनाम की घोषणा वन विभाग ने की है।







### घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा

मंगलवार को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा है। ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। बच्चा हाथी को महुआ का लड्डू बनाकर एंटी बायोटिक दवा खिलाने के लिए हाथी विचरण क्षेत्र में रखा गया है। हाथी का बच्चा महुआ लड्डू से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। अभी तक हाथी ने एंटीबायोटिक दवा नहीं खाया है।

# बाघ की मौत पर सीएम साय सख्त वनरक्षक और वनपाल निलंबित

## कोरिया जिले में मिला था बाघ का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरिया जिले में बाघ की मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से वनों की रक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए मुस्तैदी से कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी लापरवाही पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इधर कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के रामगढ़ सर्किल के वनरक्षक पीतांबर लाल राजवाड़े और वनपाल रामप्रताप सिंह को शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासनीता के कारण सरगुजा वनवृत्त अंबिकापुर के मुख्य वन संरक्षक माथेश्वरन वी. ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री राजवाड़े एवं वनरक्षक को नियमानुसार जीवन निवाह भत्ता की पात्रता होगी। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर के अनुसार वनरक्षक बीट प्रभारी गरनई पिताम्बर लाल राजवाड़े और वनपाल वन परिक्षेत्र रामगढ़ रामप्रताप सिंह के द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरते जाने के कारण निलंबित किया गया है।

■ जहरखुरानी से मौत होने की संभावना जता रहे वन अफसर




वनपाल श्री सिंह और वनरक्षक श्री राजवाड़े का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन/कदाचरण पाये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय बैकुंठपुर वनमण्डल कोरिया निर्धारित किया गया है।

### वन क्षेत्रपाल से मांगा स्पष्टीकरण

परिक्षेत्राधिकारी सोनहत के वन क्षेत्रपाल विनय कुमार सिंह से क्षेत्र में टाइगर की मृत्यु के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर ने बताया कि सोनहत के बीट गरनई कक्ष क्रमांक पी-196 वनभूमि कुदरी में खनखोपड़ नाला के किनारे एक टाइगर मृत होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर वनमण्डलाधिकारी और संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर के साथ मौके पर पहुंचीं। एक नर टाइगर खनखोपड़ नाले के किनारे मृत अवस्था में पाया गया। उक्त टीम के अभिमत अनुसार बाघ की मृत्यु का कारण जहरखुरानी संभावित है। इस संबंध में वन क्षेत्रपाल से स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर मांगा गया है।

## पांच स्थानों पर पॉवर कंपनी ने बनाई है 77 सौ मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना

# मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पानी से बनेगी 35 सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। खपत 65 सौ मेगावाट तक जा चुकी है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा होना तय है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। 2030 तक अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से 14 हजार मेगावाट का उत्पादन करने का लक्ष्य है। इसमें से 77 सौ मेगावाट बिजली पानी से बनेगी। पानी से बिजली बनाने की दो योजनाएं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में प्रारंभ करने की पूरी तैयारी पॉवर कंपनी ने की है। पानी से 35 सौ मेगावाट बिजली बनाने के लिए केंद्र सरकार की नवरत्न कंपनी टिहरी डेवलपमेंट कारपोरेशन से छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी जल्द ही एमओयू करने वाली है। इसके लिए पॉवर कंपनी के बोर्ड से मंजूरी का इंतजार है। यह कंपनी जशपुर के रौनी में 21 सौ मेगावाट और जशपुर के दनगरी में 14 सौ मेगावाट बिजली बनाने का काम करेगी। योजना के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने टर्म ऑफ रेफरेंस जारी कर दिया है।

राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं।

### बोर्ड से मंजूरी के बाद होगा एमओयू

जशपुर की योजना के लिए बोर्ड से मंजूरी के बाद इसका एमओयू होगा, फिर काम प्रारंभ होगा।
- **एसके कटियार**, एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी



### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब 9 साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

### पानी से कहां कितनी बिजली बनेगी

रौनी जशपुर 2100
दनगरी जशपुर 1400
हंसदेव बांगो कोरबा 1200
सिकासेर गरियाबंद 1200
कोटपाली बलरामपुर 1800

# टिनामेंट अपार्टमेंट में बनेंगे फ्लैट प्रभावितों को व्यवस्थापन के तहत एलाटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की टिकरापारा योजना में निर्मित 50 साल पुराने टिनामेंट अपार्टमेंट वाली जगह पर प्रस्तावित 7 मंजिला आवासीय परिसर में प्रभावित मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत उसी परिसर में नियम अनुसार फ्लैट का एलाटमेंट प्राथमिकता से किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, सालों से टिनामेंट अपार्टमेंट में रह रहे मूल ओनर से उस जमीन का पैसा न लेकर उनसे कंस्ट्रक्शन कास्ट का पैसा लिया जाएगा। बाकी के बचे फ्लैट को सेलआउट करने की योजना है।

टिकरापारा क्षेत्र में स्थित पांच दशक पुराना जर्जर टिनामेंट अपार्टमेंट को जनहित में तोड़कर रायपुर विकास प्राधिकरण 7 मंजिला परिसर बनाएगा। जिसमें 2 बीएचके के 112 और 1 बीएचके के 56 फ्लैट का निर्माण किया जाएगा। परिसर में रहने वाले प्रभावितों से सहमति पत्र लेकर जर्जर निर्माण को तोड़ा जाएगा। वहां रहे वैध ओनर को नए अपार्टमेंट में व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी।

### मूल ओनर से जमीन का पैसा नहीं लेंगे

टिनामेंट अपार्टमेंट में रहने वाले मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी। उनसे जमीन का पैसा नहीं लेंगे, कंस्ट्रक्शन कास्ट ही नियम अनुसार लिया जाएगा।
- **अनिल गुप्ता**, अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने की मां चंद्रहासिनी की पूजा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को सक्ती जिले के चंद्रपुर में विराजित मां चंद्रहासिनी मंदिर में देवी मां के दर्शन के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर में मां चंद्रहासिनी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

### साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को

**रायपुर।** शहर जिला साहू संघ द्वारा 24 नवंबर को साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कृष्णानगर स्थित कर्मा धाम में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी संघ के सचिव अश्वनी साहू ने देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेशभर के साहू समाज के लोग शामिल होंगे।

### 2 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** भिलाई के अंजोरा पुलिस ने बीती रात महमरा के पास 18 किलो गांजे के साथ एक वाहन जब्त किया। वाहन कांकेर से करीब 2 लाख रुपए का गांजा लेकर जालबांधा के रास्ते महाराष्ट्र जाने के नाम पर निकला था। मामले में पुलिस ने अकोला के रहने वाले अब्दुल रशीद पिता आशिक अली (61 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि एक गाड़ी एमएच 43 सीई 5609 जालबांधा की तरफ जा रही है। वाहन में संदिग्ध सामान होने की आशंका है। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर वाहन के रुकवाया। वाहन की जांच की गई। जांच के बाद वाहन से 17-820 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गांजे के साथ वाहन को भी जब्त किया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच की जा रही है।

### सीएम साय ने मुक्तिबोध की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध की 13 नवंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा, हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हिंदी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर और इस युग के महान कवि गजानन माधव मुक्तिबोधजी की कर्मभूमि छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव रही है। कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार के रूप में उन्होंने अमूल्य साहित्य की रचना की है।

### 23 स्कूलों में होगा प्रार्थना शेड का निर्माण

**रायपुर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देश पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 3 करोड़ 79 लाख 45 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि जारी की गई है उनमें ग्राम जरौद के लिए 12 लाख 75 हजार रुपए तथा शिकारी केसली, मोहरा और सुहेला सभी स्कूलों के लिए अलग-अलग 18 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

# गंगरेल के पानी में अशुद्धियां कम, प्लांट में वन टाइम फिल्टर बेड की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से पानी बंद होने के बाद गंगरेल डेम से शहर के लिए खरीदे जा रहे रॉ वाटर में मटमैलापन और अशुद्धियों की मात्रा कम हो गई है। ऐसे में नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण के दौरान 44 फिल्टर बेड की वन टाइम सफाई करवा रहा है। अक्टूबर तक दिन में दो बार फिल्टर बेड की सफाई करानी पड़ती थी।

- डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर की डिमांड

दरअसल, बारिश के सीजन में खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से भरपूर पानी उपलब्ध होने से इसमें मटमैलापन और अशुद्धियों की मात्रा बहुत बढ़ी हुई थी। इसीलिए इसे शहर की 43 नई व पुरानी पानी टंकियों तक भेजने से पहले जल शुद्धिकरण के दौरान विशेष सावधानी रखने की जरूरत पड़ी।

इस दौरान दिन में 2 बार प्लांट में लगे फिल्टर बेड की सफाई कराना जरूरी रहा, क्योंकि फिल्टर बेड में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में मिट्टी जमा हो जाती थी। इसी तरह सामान्य दिनों की तुलना में 15 से 20 गुना ज्यादा एलम की खपत रही, पर नवंबर से स्थिति बदल गई है। एलम की खपत सामान्य होने के साथ ही फिल्टर बेड की दिन में सिर्फ एक बार सफाई पर्याप्त है।

## अक्टूबर तक फिल्टर बेड की दिन में 2 बार होती रही सफाई

### गंगरेल से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की डिमांड

फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के मुताबिक शहर के पेयजल डिमांड के हिसाब से इस समय गंगरेल डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर खरीदा जा रहा है। जबकि गर्मी के सीजन में इसकी मात्रा बढ़कर 300 क्यूसेक तक जा पहुंची थी। फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद शुद्ध पानी लोगों के यहां घरों तक नलों के माध्यम से पहुंचता है।



### जल शुद्धिकरण के लिए प्लांट में 44 फिल्टर बेड

भाठागांव स्थित निगम के फिल्टर प्लांट में स्थापित 150 एलएलडी क्षमता के प्लांट में 16 फिल्टर बेड, पुराने 80 एमएलडी प्लांट में 8 और नए 80 एमएलडी प्लांट में 10 फिल्टर बेड के अलावा पुराना प्लांट में 10 फिल्टर बेड स्थापित हैं। इस तरह कुल 44 फिल्टर बेड से पानी का मटमैलापन दूर करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इस दौरान मिट्टी सहित अन्य तरह की जलीय अशुद्धियां को साफ कर पानी को पीने लायक बनाया जाता है।

## रायपुरा का बघवा तालाब जीर्णोद्धार

# गहरीकरण में खप गए 2.50 करोड़, बगीचा बना न पाथवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुरा के बघवा तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का काम 2.50 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी आधा अधूरा हो पाया । तालाब के चारों ओर पाथवे बनाने और सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना पर काम ही नहीं हुआ। सीनियर सिटीजन के बैठने के लिए सीटिंग रूम, योग करने वालों के लिए योग कक्ष बनाने का दावा हवा-हवाई साबित हुआ। निगम के अधिकारियों ने अधूरे काम को पूरा करने 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। इसमें लैंड स्कैपिंग, प्लांटेशन सहित अन्य कार्य को दोबारा शामिल किया गया है।

- आधे में रुका पड़ा काम, 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा

नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण का काम आधा-अधूरा होने से आसपास के लोगों को इसका लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। दूर से देखने पर बघवा तालाब में सौंदर्यीकरण का नामोनिशान तक नजर नहीं आ रहा। तालाब के चारों ओर पाथवे बनाया जाना था, ताकि लोग सुबह-शाम आकर ताजी हवा ले सकें। यह काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ, जबकि तालाब सफाई और गहरीकरण में ही 2.50 करोड़ खर्च हो गए। विदित हो, रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादवपारा के लोग बघवा तालाब का उपयोग एक अरसे से निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। 35 एकड़ में फैले इस पुराने तालाब की नगर निगम ने ढाई दशक बाद सुध तो ली, पर तालाब सौंदर्यीकरण के आधा-अधूरा काम के चलते उसे सुंदर स्थल नहीं बना पाए। तालाब के पास सुंदर बगीचा विकसित करने के साथ ही बच्चों के लिए आकर्षक गेम्स की सुविधा, जुंबा डांस करने के लिए अलग से स्पेस देने योजना बनी। निगम के विभागीय अधिकारी प्रस्ताव में शामिल ये सुविधाएं आज तक उपलब्ध नहीं करा पाए।



### 3 फीट की जगह 6 फीट तक निकाली गाद

बघवा तालाब की सफाई और गहरीकरण के कार्य में तालाब के अंदर से 3 फीट तक गाद निकालना प्रस्तावित था, मवेशियों के गोबर और गाद इतना की मात्रा इतनी ज्यादा रही कि 6 फीट तक गहरीकरण कराने की जरूरत पड़ी। प्रोजेक्ट में 4.5 एकड़ एरिया प्रस्तावित था, स्पॉट पर नापने पर आधा एकड़ क्षेत्र ज्यादा निकला। इसीलिए तालाब सौंदर्यीकरण का काम आधे में रुक गया। इसमें पेवर लैंड स्कैपिंग, बगीचा विकसित करने और पौधारोपण का काम शामिल है। फंड के लिए नया प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

### 1.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है

बघवा तालाब सौंदर्यीकरण के बकाया काम को पूरा करने 1.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही बगीचा विकसित करने, लैंड स्कैपिंग, टू डी, थीडी पेंटिंग, सीनियर सिटीजन के बैठने की व्यवस्था, योग कक्ष और पाथवे बनाया जाएगा।


*- अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता नगर निगम रायपुर*

# राजधानी का तापमान सबसे ज्यादा, ठंड की खातिर विक्षोभ गुजरने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में राजधानी का तापमान प्रदेश में सबसे अधिक दर्ज किया गया है। अभी तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद तापमान में नियमित गिरावट आने के आसार हैं। अभी सभी शहरों का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

- चार दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहने के आसार



मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य में दक्षिण से पर्याप्त मात्रा में नमी आ रही है। 14 नवंबर को भारतीय सीमा के भीतर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से आर्द्रता की मात्रा में और वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि विक्षोभ का प्रभाव दो दिन तक अपना असर दिखाएगा, इसके बाद तापमान में गिरावट आने के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को शहर में हल्के बादल छाए रहे, मगर तापमान चढ़कर 33 डिग्री तक पहुंच गया, जो राज्य में सबसे अधिक था। पिछले चौबीस घंटे में रात के तापमान में भी थोड़ी गिरावट आई है और 16 नवंबर तक इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है। अभी शहरी इलाके में सुबह के वक्त ही हल्की ठंड का अहसास हो रहा है।

राज्य में लगभग सभी शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे जा चुका है और अच्छी ठंड के लिए इसमें और कमी आने का इंतजार किया जा रहा है। अगले चौबीस घंटे में राज्य के मौसम में किसी तरह का विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है।

# सीनियर सिटीजन फोरम की गतिविधियों की दी जानकारी




**रायपुर।** ऑक्सीजोन गार्डन में गत दिनों सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम की मासिक बैठक हुई। इस बैठक में दीपावली मिलन का कार्यक्रम भी रखा गया। बैठक में सचिव राजकुमार शुक्ला ने फोरम की गतिविधियों की जानकारी दी। सभापति एसपी विश्वकर्मा ने फोरम के कार्यों की प्रशंसा के साथ सलाह दी कि मेडिकल कैंप की शुरुआत करें और जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों की मदद करें। इसी दौरान फोरम के अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार ने कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण से लेकर अभी तक की प्रगति रिपोर्ट सभा में रखी। फोरम के गायक कलाकारों और कविताकारों ने अपनी शानदार सराहनीय प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। वहीं फोरम के कवियों ने भावुक कविता पाठ किया और दिवाली मिलन कार्यक्रम में सभी सदस्यों को मिठाई के डिब्बे भेंट किए। कार्यक्रम में कवि गोपाल सोलंकी, शिवशंकर गुप्ता, छबिलाल सोनी, राजेंद्र कुमार, वीके वाधवा, सजल, रमाबाला विश्वकर्मा, मनोहर ठाकुर, केके चौबे, राकेश खरे, रामनिवास गुप्ता, एचएन राणा, शीलू पटनायक, गीता जोतवानी आदि शामिल थे।

# भिखारी पति-पत्नी निकले चोर, एक लाख के जेवरात जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी पुलिस ने एक भिखारी पति-पत्नी को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों भीख मांगने के साथ सूने मकानों में चोरी की वारदातों को भी अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक लाख कीमत के चोरी के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में हुई चोरी की घटना की जांच करते हुए भिखारी दंपति को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस क्षेत्र में रहने वाली पुष्पा वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 नवंबर को सुबह 8 बजे वह अपने घर पर ताला लगाने के बाद चाबी को घर के मेन गेट के बाहर फर्श पर बिछे मेट के नीचे रखकर बाहर गई थी।





न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार -भाटापारा (छत्तीसगढ़)

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. ..... ब/ 121 वर्ष 2024-2025

ग्राम का नाम भाटापारा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकुमार यदु पिता श्री रामदयाल यदु जाति ठेठवार निवासी मोहल्ला रामसागर पारा भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र विकास यदु पिता श्री नंदकुमार यदु माता का नाम श्रीमती पूजा यदु का जन्म दिनांक 13.04.2013 (स्थान) रामसागर पारा भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगरपालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पार्षद का प्रमाण एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 26.11.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 26.11.2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)

Gomti THRESHERS
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000



# नुआखाई पर अवकाश के लिए मुख्यमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रदेश सरकार द्वारा ऋषि पंचमी को नुआखाई के दिन हर वर्ष छत्तीसगढ़ के उत्कल बहुल जिलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर्स को निर्देशित करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मिश्रा ने कहा, पिछले अगस्त में इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय को उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश उड़िया समाज द्वारा प्रस्तुत आवेदन के साथ पत्र लिखकर नुआखाई पर्व पर शासकीय अवकाश घोषित करने के लिए निवेदन किया था।

श्री मिश्रा ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, छत्तीसगढ़ एक उड़िया भाषा-भाषी बहुल प्रदेश है एवं उडिया समाज अनादिकाल से अपनी अभिन्न संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों को संवर्धित और संरक्षित करने के लिए जाना जाता है। श्री मिश्रा ने कहा, नुआखाई पर्व उड़िया समाज का परंपरागत प्रमुख लोक त्यौहार है। यह पर्व नई फसल के आगमन खुशी में उड़िया समाज बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाता है।




न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

// ईश्तहार //

क्रमांक/ / ना.तह./ वा. / 2024
सण्डी, दिनांक 05/11/2024
रा.प्र.क्र. ..... ब/121 वर्ष 2024-25
प.ह.नं. 05 ग्राम देवसुन्द्रा तहसील पलारी

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक यादकिरन पिता पंचूराम जाति तेली निवासी व कास्तकार देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम देवसुन्द्रा प.ह.नं. 05 स्थित भूमि ख.नं. 225/4, 336/6 रकबा क्रमशः 0.182, 0.004 हे. भूमि कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0. 186 हे. भूमि यादकिरन पिता पंचूराम जाति तेली के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का किसान किताब कही गुम हो चुका है। जिसे ढूढने पर कही नहीं मिला। जिसके कारण उक्त भूमि में कास्तकार एवं बैंके से खाद, बीज, ऋण शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यो के निष्पादन में परेशानियां हो रही है। उक्त भूमि का द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1 खसरा नक्शा शपथपत्र, थाना रिपोर्ट, बैंक का नोडयूज प्रमाण पत्र की कापी संलग्न कर प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक 14/11/2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार सण्डी/पलारी

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अवतरण 11 मार्च 1930

महाप्रयाण 02 नवम्बर 2024



स्व. डॉ. नंदकुमार यदु
बलौदाबाजार

सौम्यता उनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था।
सत्कर्म उनकी शोभा और, परोपकार उनका कर्तव्य था।
कभी आपको भुला नहीं पायेंगे
सतीश चन्द्र-वीनम श्रीवास्तव, श्रुति, अर्नव श्रीवास्तव, बलौदाबाजार
विशाल-श्रेया श्रीवास्तव, बिलासपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-2 / 2023-24
ग्राम कोकड़ी प.ह.नं. 16 तह. बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका त्रिज्योति भारद्वाज पति रमेश भारद्वाज निवासी भाठागांव कोकड़ी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम कोकड़ी प.ह.नं.–16 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नंबर 752 / 45 रकबा 0.010 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा / आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 21/11/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10 /2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार

HCC IS NOW हिअरज़ॅप
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राजिम मोड़ में कार की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** लभरा खुर्द स्थित राजिम मोड़ में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी डागेश्वर ध्रुव वार्ड नं 01 शंकर नगर महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 12 नवंबर की दोपहर करीब 1 सूचना मिली कि छोटे भाई सतीश कुमार का एक्सीडेंट राजिम मोड़ लभराखुर्द में हो गया है, जब घटनास्थल पर जाकर देखा तो उसका भाई एवं दोस्त यशवंत घायल हालत में वहां पड़े हुए थे पूछताछ में आसपास खड़े लोगों ने बताया कि आल्टो कार क्र सीजी 04 एलबी 8122 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीएस 1249 को एक्सीडेंट कर दिया। जिससे ये दोनों घायल हो गए। कुछ देर बाद 112 वाहन के आने पर घायलों को जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने चेक कर सतीश की मौत हो जाना बताया और घायल यशवंत को उचित ईलाज के लिए रेफर किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### लेखापाल के मकान से चोरी

**महासमुंद।** सामुदायिक अस्पताल में पदस्थ लेखापाल के घर से आभूषण, नगत समेत 60 हजार रुपए की चोरी की घटना हुई है। बसना पुलिस ने रिपोर्ट के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। बसना पुलिस को अरेकेलडीपा डब्बू कालोनी निवासी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा में पदस्थ लेखापाल शैलेंद्र नायक ने बताया कि वह और उसका परिवार 9 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे अपने परिवार के साथ निजी कार्य से रायपुर गया था। 11 नवंबर को शाम 6 बजे वापस आने पर देखा कि घर के अंदर के दरवाजा का ताला नहीं था। बेडरूम में पलंग का दराज खुला एवं सामान बिखरा हुआ था, आलमारी खोलकर चेक करने पर देखा तो उसमें रखी चांदी की 06 नग पायल, चांदी की बिछिया 04 नग, चांदी का 2 नग कर्धन, चांदी का 02 नग चूड़ा, 01 नग सोने की चैन और नगद 5000 रुपए कुल 60,000 रुपए के सामान नहीं थे, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** बाल आश्रम बिहाझर के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी बुधराम पटेल ने बताया कि उसे 12 नवंबर की शाम उसे सूचना मिली भाई हेमंत भाई हेमंत कुमार पटेल की एनएच 353 मेन रोड साई राईस मिल/बाल आश्रम के सामने ग्राम बिहाझर के पास मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एचपी 6609 एवं ट्रक के बीच टक्कर होने से होने से दबकर मौत हो गई। है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पहुंचा, जहां लोगों न बताया कि हेमंत पटेल के शव एवं घायलो को शासकीय अस्पताल बागबाहरा भेजा गया है।

## भागवत कथा स्थल पर हुआ कार्यक्रम, बड़ी संख्या में शामिल हुए नगरवासी

# गन्ने के मंडप में हुआ शालिग्राम से तुलसी विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य राहुल महाराज के सानिध्य में रात्रिकालीन सामूहिक एकादशी व्रत उद्यापन तुलसी विवाह पूजन किया गया।

ऐसा अवसर और अद्भुत सयोंग नगर में पहली बार बना है, जिसमें भागवत कथा के मध्य देवउठनी एकादशी व्रत उद्यापन पूजन सामूहिक रूप से किया गया। आचार्य ने देवउठनी एकादशी महात्म्य बतलाते हुए कहा कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष के एकादशी इस दिन से भगवान विष्णु योग निद्रा से बाहर आते हैं और सृष्टि के पालनहार का दायित्व संभालते हैं। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देव-शयन एकादशी कहा जाता है, इस दिन ही भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इसे देवउठनी एकादशी, देवोत्थान या देव प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी मानते हैं। साथ ही इसी दिन सभी घरों में तुलसी की फुलवारी में गन्ने का मंडप बनाकर पूजन शालीग्राम तुलसी विवाह किया गया एवं समस्त शुभ मांगलिक कार्य प्रारंभ हुआ।

## अंचल में छोटी दिवाली धूमधाम से मनी

### गन्ना जीवन और समृद्धि का है प्रतीक

**सुहेला।** छत्तीसगढ़ में देवउठनी एकादशी एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे विशेष धार्मिक अनुष्ठान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु अपने चार महीने के शयन काल से जागते हैं। हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि भगवान विष्णु चार महीने तक क्षीरसागर में शयन करते हैं और इस अवधि में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञ आदि नहीं किए जाते। चतुर्मास के दौरान, भक्तगण उपवास रखते हैं और विशेष ध्यान तथा साधना करते हैं। यह समय आत्मसाक्षात्कार और तपस्या का होता है। इस दिन गन्ने को शुभ मानकर गन्ने



की पूजा की जाती है। गन्ना जीवन और समृद्धि का प्रतीक होता है, और इसे भगवान विष्णु को अर्पित किया गया। पूजा के बाद, घर के अंदर या मंदिर में भोग जिसमें हलवा, मिठाई, बेर, अमरूद, सिंघाड़ा, कांदा, केला, सेव फल, आदि को भगवान को अर्पित किया।





**खरोरा।** छोटी दीपावली पर्व पर बाजार में गन्ना सहित विभिन्न सामग्रियों का बाजार सजा रहा। दिनभर जमकर ग्रामीण जन खरीदारी करते रहे। वहीं खरोरा आसपास गांवों के मध्य में होने के कारण मेन रोड के फलों के दुकानों में दिनभर भीड़ लगी रही। एकादशी पर्व को लेकर यह मान्यता है कि तुलसी मैया एवं सालिकराम भगवान का विवाह होता है और देव कार्य संपूर्ण होने के बाद सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। आज के बाद से शादी-विवाह एवं समस्त शुभ कार्य आरंभ हो जायेंगे।

## कविता बनीं समाजशास्त्र विभाग परिषद की अध्यक्ष



**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग परिषद का गठन प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें एम.ए.समाजशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राओं की बैठक लेकर सर्व सहमति से समाजशास्त्र परिषद का गठन किया गया। समाजशास्त्र विभाग परिषद में अध्यक्ष - कविता यादव, उपाध्यक्ष-प्रियंका साहू, सचिव-रागिनी टंडन, सह सचिव-ज्योति देवांगन तथा मोनिका हिरवानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।




## हायर सेकंडरी को मिला काव्य कलश शिक्षा दूत सम्मान

**बिलाईगढ़।** काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच खरसिया के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन, पत्रिका विमोचन एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन लखीराम ऑडिटोरियम खरसिया में आयोजित हुआ। इसमें ज्ञान विज्ञान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेहतरीन कार्य के लिए काव्य कलश शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साहित्यकार उपस्थित थे।

## पीएमएफएमई योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना पीएमएफएमई अंतर्गत उद्यम स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाना है। योजनांतर्गत नवीन या विद्यमान सूक्ष्म खाद्य उन्नयन (माईक्रो फूड प्रोसेसिंग) उद्यमों जैसे आम, आलू, लीची, टमाटर एवं अन्य फल, सब्जी उत्पाद, प्रसंस्करण उद्योग, साबूदाना, भूजिया, कुरकुरे, पेठा, पापड़, अचार, जैम, जेली, जूम एवं पल्प, मसाला उद्योग, मुरमुरा (मुर्रा) पोहा, मिनी राईस मिल, पशु आहार, बेकरी उत्पाद, आईस क्रीम, मोटे अनाज आधारित उत्पाद, दलिया, तेल मिल, तिल-मुर्रा-मुगफली के लड्डू निमार्ण, मिठाई बनाना, चिक्की, हर्बल उत्पाद, लघु वनोपज उत्पाद, हर्बल खाद्य उत्पाद जैसे शहद, हल्दी आंवला, हर्रा, बहेड़ा चिरौंजी आदि के प्रसंस्करण उद्योग को सहायता उपलब्ध कराई जावेगी। ओडीओपी उत्पादों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। जिले के लिए ओडीओपी के तहत राइस बेस्ड प्रोडक्ट्स का चयन किया गया है। ओडीओपी से भिन्न पूर्व से स्थापित, विद्यमान फूड प्रोसेसिंग इकाई भी अपने उद्यम के उन्नयन के लिए या नवीन इकाई एवं स्थापित इकाई के विस्तार के लिए योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख तक प्रति उद्यम है। बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अंशदान आवेदक द्वारा देय होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय में प्रबंधक जितेन्द्र धिरही, प्रबंधक प्रमोद टण्डन एवं दीपक कुमार सोनी सहायक प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट पीएमएफएमई डॉट एमओएफपीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्राप्त कर सकते हैं।

## देवउठनी पर रानी सागर ने जीती सुवा नृत्य प्रतियोगिता

**भवानीपुर।** देवउठनी एकादशी पर खपरी तथा चरौदा में राज्य स्तरीय सुवा झांकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने अपनी प्रतिभा को दर्शकों को दिखाते हुए अनेक प्रकार के झांकी सुवा नृत्य राज गौरा गौरी दर्शन करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अपने कल में समेटे हुए पूरे दर्शन को भाव विभोर कर दिया। ग्राम पंचायत खपरी भ में प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार लोक लहर सुवा पार्टी चरौटी को 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार जय मां शारदा बेटिया तमाशिवनी को 7 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार सुवा परिवार धौराभाठा को 5 हजार रुपए,



चतुर्थ पुरस्कार संगवारी संगवारी सुवा कारी को पार्टी 3 हजार रुपए पंचम पुरस्कार बालिका सुवा पार्टी को 2 हजार रुपए, षष्ठम पुरस्कार जय महामायासुवा पार्टी को 1500 रुपए सप्तम पुरस्कार मीट बोलीसुवा पार्टी छतौद को 1 हजार रुपए सभी टीम को संत्वना राशि 501 रुपए एवं चरौदा में प्रथम पुरस्कार रानी सागर को 15551 रुपए द्वितीय पुरस्कार, कोशमखुटा को 11 हजार, तृतीय पुरस्कार बोरिंग को 9 हजार, चतुर्थ पुरस्कार हवाई खपरी को 7 हजार रुपए पंचम पुरस्कार छतौद को 5 हजार रुपए सभी टीम को संतावना राशि 501 का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में अंचल से आए मुख्य अतिथिगण थाना स्टाफ एवं गांव वरिष्ठजन भारी संख्या में उपस्थित थे।

## प्राचार्य डॉ. चौबे ने कार्यभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में डॉ. शम्पा चौबे ने प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र कुमार वर्मा और महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने प्राचार्य डॉ. चौबे मैडम का स्वागत किया। डॉ. चौबे द्वारा महाविद्यालय में अनुशासन, सकारात्मक सहयोग और उच्च शिक्षा के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट शिक्षण सुविधाओं का विस्तार करने, सह शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करने, महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, हरियाली, पौधों के संरक्षण एवं शैक्षणिक वातावरण सकारात्मक बनाने संकल्पित रहने की बात कही।



## रसोईया ने स्कूल में कराया न्योता भोज का आयोजन

**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संस्था में कार्यरत रसोईया लक्ष्मीबाई बंजारे ने अपने स्वर्गीय पुत्र साहिल बंजारे के पुण्य तिथि पर 171 छात्र छात्राओं को न्योता भोज कराया। अतिरिक्त पोषण के रूप में बच्चों को केला, बूंदी परोसा गया। शाला परिवार स्व. साहिल बंजारे की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर भोजन ग्रहण किया। शाला परिवार की ओर से लक्ष्मीबाई बंजारे को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया ।



## नगर में गौरा-गौरी स्थापना एवं तुलसी पूजा हुई

**खरोरा।** देवउठनी पर्व पर खरोरा में ईशर गौरा-गौरी की स्थापना कर भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में नगरवासी एकत्रित होकर पूजा-अर्चना और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ उत्सव का आनंद लिया। विदित हो कि देवउठनी एकादशी को तुलसी विवाह एवं छोटी दीवाली भी कहा जाता है। इस अवसर पर लोगों द्वारा तुलसी माता की विशेष रूप से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।





Ajay Advt.

## सशिमं में सभागार निर्माण का भूमिपूजन

**पलारी।** सरस्वती शिशु मंदिर पलारी में बुधवार को बलौदाबाजार जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रदत्त राशि से सभागार निर्माण का भूमि पूजन मण्डल अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, योगेश चंद्राकर पूर्व व्यवस्थापक, इंद्रदेव वर्मा अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर पलारी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी ब्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर पलारी उमाशंकर कश्यप सहसचिव की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान गणेश देवांगन सदस्य, राजेन्द्र साहू, विद्यालय के प्राचार्य राकेश तिवारी, चिरंजीव लाल तिवारी आदि उपस्थित थे।









